हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 10 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के सामूहिक संकल्प को नवीकृत करने का आग्रह किया।
2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों के खातों में 1 हजार 595 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की।
3. हरियाणा में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए निर्धारित आय सीमा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये की जाएगी।
4. हरियाणा सरकार ने किसानों को पर्यावरण अनुकूल खेती के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उनके खाते में 7 करोड़ रुपये की राशि जारी की।
5. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा प्रगतिशील MSME एवं निर्यात प्रोत्साहन नीति का दस्तावेज जारी किया।

************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के अपने सामूहिक संकल्प को नवीकृत करने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सभी को हर घर तिरंगा अभियान को पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ाना है। श्री मोदी ने कहा कि तिरंगा हमारा गौरव है और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की निरंतर प्रेरणा का स्रोत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि इस वर्ष के प्रयास वंदे मातरम को समर्पित हैं और वह भी ऐसे समय में जब हम इसकी 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 50 लाख 4 हजार 873 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में 1 हजार 595 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की। एक पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने बताया कि आज दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की 10वीं किस्त जारी की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के जन्मदिवस पर लाडो लक्ष्मी योजना के लिए निर्धारित आय सीमा को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये किया जाएगा। इससे अधिक महिलाओं को योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना का लाभ ले रही किसी भी माता-बहन-बेटी को मिल रहे किसी अन्य योजना के लाभ को रोका नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 15 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत लाभार्थियों के खातों में 1,124 करोड़ 94 लाख रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से किया जा रहा यह भुगतान सरकार की पारदर्शिता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने बताया 'दयालु' योजना के तहत आज 6 हजार 224 परिवारों को 234 करोड़ 77 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत भी 4 लाख 93 हजार 434 बहनों के बैंक खातों में जून माह की 19 करोड़ 17 लाख रुपये की सब्सिडी भी हस्तांतरित की गई है।

************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज किसानों को पर्यावरण अनुकूल खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए 13 हजार 237 किसानों के खातों में 7 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। यह राशि खरीफ 2026-27 में 70 हजार एकड़ क्षेत्र में ढैंचा एवं मूंग को हरित खाद के रूप में अपनाने के लिए जारी की गई है।

मुख्यमंत्री ने  कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में फसल विविधीकरण और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। हरित खाद से मृदा स्वास्थ्य में सुधार, मिट्टी में नाइट्रोजन और जैविक पदार्थ की मात्रा में वृद्धि तथा जल धारण क्षमता में बढ़ोतरी होगी। साथ ही किसानों की रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में भी मदद मिलेगी। पात्र किसानों को हरित खाद की खेती अपनाने के लिए 1,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।
*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज करनाल में हरियाणा प्रगतिशील MSME एवं निर्यात प्रोत्साहन नीति 2026 का शुभारंभ करते हुए नीति दस्तावेज जारी किया। नई नीति में 60 रणनीतिक पहलों के माध्यम से प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने, आधुनिक तकनीक को प्रोत्साहित करने, औद्योगिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, निर्यात बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की असली ताकत यहां के लाखों उद्यमी हैं, जो अपनी मेहनत, संसाधनों और उत्पादन के माध्यम से रोजगार और आर्थिक विकास को गति दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों की सुविधा के लिए MSME निदेशालय स्थापित किया गया है, जो उद्योग जगत और सरकार के बीच सेतु का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार अगले वर्ष हरियाणा वैश्विक निवेशक सम्मेलन आयोजित करेगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की सीमाएं भले ही भौगोलिक हों, लेकिन यहां के अवसर पूरे देश के उद्यमियों के लिए खुले हैं। हरियाणा केवल निवेश का स्थान नहीं, बल्कि उद्यमियों के सपनों को पूरा करने में हर कदम पर साथ देने वाला विश्वसनीय साझेदार है।
*****************************************************************

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल के जिला सचिवालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। श्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदर्शनी में, वंदे मातरम तथा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के बारे भी जानकारी दी गई है।
खेल राज्य मंत्री ने कहा कि प्रदर्शनी से आमजन को राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास तथा विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेली गई पीड़ा और विस्थापन की स्मृतियों का पता चलेगा।
*****************************************************************

जींद की उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने आज लघु सचिवालय परिसर में हर घर तिरंगा' अभियान के तहत लगाई गई  प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है कि वह राष्ट्रीय ध्वज का पूरा सम्मान करे। उन्होंने  जिलावासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान दिया। डॉ वैशाली ने कहा कि हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराए और  सैल्फी प्वाईंट पर तिरंगे के साथ सैल्फी लेकर उसे हर घर तिरंगा डाॅट काॅम पर अपलोड करे।
*****************************************************************